मध्यप्रदेश विधान सभा

जून - अगस्त, 1991 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 25 जुलाई, 1991 (श्रावण 3, 1913)

समय 10.30 बजे

1-प्रश्नोत्तर.

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2- पत्रों का पटल पर रखा जाना.

श्री कैलाश चावला, गृह मंत्री, कम्पनीज एक्ट 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग कारपोरेशन लिमिटेड, भोपाल का छठवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा वर्ष 1986-87 (दिनांक 1 अप्रैल 1986 से दिनांक 31 मार्च, 1987 तक) पटल पर रखेंगे.

3- प्रतिवेदनों की प्रस्तुति.

श्री मोतीलाल वोरा, सभापति, लोक लेखा समिति का 138,139 तथा 140 वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

4- शासकीय विधि विषयक कार्य.

(1) श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा, सहकारिता मंत्री,मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 1991 (क्रमांक 15 सन् 1991) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(2) श्री रामहित गुप्त, वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक 2) विधेयक,1991 (क्रमांक 12 सन् 1991) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

भोपाल :

दिनांक 24 जुलाई, 1991

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा